<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय में बेसिक कंप्यूटर स्किल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन</u>

विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के गृह विज्ञान प्रसार विभाग द्वारा बेसिक कंप्यूटर स्किल्स पर सात–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. अजीत सिंह नैन, निदेशक शोध एवं विशिष्ट अतिथि डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय थी।

इस सात–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 23 बच्चों ने प्रतिभाग किया गया, जिसमें बच्चों को कंप्यूटर संबंधी मूल जानकारी के साथ–साथ माइक्रोसॉफ्ट वर्ड एवं पावरप्वाइंट जैसे मुख्य प्रोग्राम पर कौशल आधारित व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त कराया गया। समापन समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए उत्कृष्ट डॉक्यूमेंट्स और प्रेजेंटेशन का प्रदर्शन किया गया। साथ ही कार्यक्रम समन्वयक डा. अनुपमा पांडे, प्रभारी, गृह विज्ञान प्रसार विभाग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा प्रमाण–पत्र एवं पाठ्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों और विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा कि भविष्य में आने वाला समय कंप्यूटर का ही है अतः कम्प्यूटर के व्यवाहारिक ज्ञान एवं उसके उपयोग की जानकारी अति आवश्यक है  साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को कम्प्यूटर के उपयोग के निरंतर अभ्यास पर बल दिया। डा. अल्का गोयल ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और बच्चों द्वारा प्रस्तुत वर्ड और पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन की सराहना की। बच्चों को इस कौशल को निरंतर उपयोग में लाने के लिए प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं फैकल्टी मैम्बर उपस्थित थे। यह सात–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित किया गया।



***कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदान करते निदेशक शोध डा. अजीत सिंह नैन।***